E-mail : govtcollegelecturers@gmail.com

# College Lecturers Welfare Association

Reg. No : 01630

President
Dr. Dypsy Khapra
M : 9896052352

Vice - President
Dr. C.S. Grover
M : 9050424242

General Secretary
Nitin Antil
M : 9050139220

Association Members : Dr. Pushpa Devi, Dr. Sandeep Gill, Dr. Lakhvir Singh, Surender Singh, Dr Jagbir, Neeraj Dalal

Ref. No. 0213 Date 14/7/26

Dairy no. 4672
14/7/26

सेवा में,
महानिदेशक,
उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा, पंचकूला।

विषय: हरियाणा लेक्चर वेलफेयर एसोसिएशन के संगठनात्मक चुनाव कार्यक्रम की सूचना के संबंध में।
महोदय,

सविनय निवेदन है कि हरियाणा लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन एक विधिवत पंजीकृत संगठन है, जो हरियाणा के राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत लेक्चररर्स के कल्याण, हितों एवं संगठनात्मक गतिविधियों से संबंधित कार्य करता है।

यह पत्र आपको सूचनार्थ प्रेषित किया जा रहा है कि एसोसिएशन के वर्ष 2026 के संगठनात्मक चुनाव निर्धारित कार्यक्रमानुसार 19 जुलाई 2026 संपन्न किए जा रहे हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 18 जुलाई 2026 को राज्य के विभिन्न जिलों में जिला स्तर पर मतदान प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात राज्य स्तरीय निर्वाचन संबंधी कार्यवाही जाट धर्मशाला, जींद में 19 जुलाई 2026 को प्रातः 9:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संपन्न की जाएगी।

एसोसिएशन के विभिन्न पदों के लिए आपसी सहमति एवं सर्वसम्मति स्थापित हो चुकी है। अतः निर्वाचन केवल राज्य प्रधान (President) के पद हेतु कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु निवेदन है कि समस्त राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ, ताकि कार्यरत एक्सटेंशन लेक्चरर्स को महाविद्यालयीन कार्य प्रभावित किए बिना उपलब्ध समय में चुनाव संबंधी बैठकों के आयोजन तथा वैधानिक चुनाव प्रचार-प्रसार गतिविधियों के संचालन हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा सके। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी, लोकतांत्रिक एवं एसोसिएशन के संविधान तथा निर्धारित निर्वाचन नियमों के अनुरूप संपन्न की जाएगी। मतदान उपरांत प्राप्त मतों की गणना (Counting of Votes) एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा दिनांक 19 जुलाई 2026 को जाट धर्मशाला, जींद में निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में की जाएगी।

उक्त निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी एवं अभिलेखीय प्रयोजनार्थ यह सूचना आपके संज्ञानार्थ प्रस्तुत की जा रही है।

सधन्यवाद।

भवदीय,
Nitin Antil
निर्वाचन अधिकारी cum सेक्रेटरी
कॉलेज लेक्चरर वेलफेयर एसोसिएशन

Copy to - All Principals
Govt. colleges of Haryana

House No. 622, Ward No 29, Tilak Nagar, Rohtak (Haryana) - 124001

Full Paper | 2 (B23-... E211), Introduction to Prose ... (B23-ENG-